न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 86 / 2021

तारीख 21.09.2021

अनवान

1. मोहनी पत्नि रामा जाति भील उम्र वयस्क निवासी तिखी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थी

बनाम

1. बाबू पिता रूगा जाति भील उम्र वयस्क निवासी तिखी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
2. शान्ति पत्नि बाबू जाति भील उम्र वयस्क निवासी रूपपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
3. अन्ना पिता भैरू जाति भील उम्र वयस्क निवासी तिखी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
4. काली जाति भील उम्र वयस्क निवासी तिखी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

.............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक : 8/12/2021

प्रार्थना पत्र मोहनी पत्नि रामा जाति भील निवासी तिखी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0) ने जरिये अभिभाषक **श्री सुनिल कुमार जोशी एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा तिखी पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 74 पर अंकित आराजी संख्या 226/127 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया।

अतः प्रशासन गॉवों के संग अभियान–2021 में शिविर स्थान .... में पत्रावली पेश हुई हमनें पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा तिखी पटवार हल्का बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 74 पर अंकित आराजी संख्या 226/127 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियां खुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें वक्त पत्थरगढ़ी प्रार्थी मौके पर अदा करेंगा। प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया।

(प्रशासन गाँवों के संग अभियान-2021 उपखण्ड अधिकारी बिजौलिया)

(सीमा तिवाड़ी)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
(उपखण्ड अधिकारी)
बिजौलियां (भीलवाड़ा)

FORM NO. III

फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **बिजौलियां**

...........मोहनी........... बनाम ....प्यारू...........

किस्म मुकदमा – ......111–128...... नम्बर ......86....../2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21/9/2021	प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। पेरोकार हाजिर। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 12/10/2021 को पेश हों। उपखण्ड अधिकारी **बिजौलियां**	
03/12/2021	पत्रावली बन्द बस्ते से आज प्रशासन गाँवों के अभियान 2021 में शिविर स्थान उमाजी का खेड़ा में पेश हुई, पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 111-128 स्वीकार किया जाता है, निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया, पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। प्रभारी अधिकारी प्रशासन गाँवों संग अभियान-2021 (उपखण्ड अधिकारी) बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)	